# झांसी में बनेगी ऑपरेशन सिंदूर की ताकत एंटी ड्रोन गन द्रोणम

## डिफेंस कॉरिडोर में होगा 150 करोड़ का निवेश

लखनऊ। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी कुशलता साबित करने वाले काउंटर ड्रोन द्रोणम का निर्माण झांसी डिफेंस कॉरिडोर में होगा। पहले चरण में करीब 150 करोड़ रुपये के निवेश के साथ संयंत्र की शुरुआत की जाएगी।

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर ने वर्ष 2026 की शुरुआत में दो रक्षा विनिर्माण कंपनियों को जमीन आवंटित की है। कॉरिडोर के झांसी नोड में गुरुत्व सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को 10 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। कंपनी काउंटर-ड्रोन के निर्माण में विशेषज्ञ कंपनी निवेश कर करीब 380 लोगों को रोजगार देगी। दूसरा आवंटन नेक्सा मुंबई को लखनऊ नोड में 0.5 हेक्टेयर भूमि का किया गया है। कंपनी पांच करोड़ का निवेश कर 60 लोगों को रोजगार देगी। ब्यूरो



### हमला बेअसर करती है द्रोणम

द्रोणम दुश्मन ड्रोन को कबाड़ बना देता है। इसकी तकनीकी प्रणाली 1 से 8 किलोमीटर की दूरी तक के ड्रोन को पहचानने और निष्क्रिय करने में सक्षम है। द्रोणम को राइफल की तरह हाथ में पकड़कर इस्तेमाल किया जा सकता है। साथ ही बैगपैक की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है।